# छत्तीसगढ़ शासन
## संस्कृति विभाग
## मंत्रालय
## महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर – 492002

क्रमांक : एफ 4–12 / 2021 / 30 / सं., नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 24 NOV 2022

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

विषय : राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजन करने के संबंध में।

---00---

प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र में रामायण मंडलियाँ एक अभिन्न अंग है। राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की तरह रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। पूर्व की भांति यह प्रतियोगिता पहले चरण में ग्राम पंचायत में जितने भी रामायण मंडलियाँ हैं उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से एक विजेता रामायण मंडली को चुना जाना होगा। तद्पश्चात् दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से चुने गये रामायण मंडलियों के बीच जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जाये तथा प्रत्येक जनपद पंचायत के विजेता रामायण मंडलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से जिला स्तरीय विजेता को चुना जाना होगा। उन सभी जिला स्तरीय विजेता रामायण मंडलियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा।

2/ इसी तारतम्य में वर्ष 2022–23 के प्रतियोगिता के प्रथम चरण के ग्राम पंचायत के बीच का आयोजन आपके द्वारा अपने जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जहाँ रामायण मंडली पूर्व से सक्रिय है उनके बीच दिनांक 25.11.2022 से 15.12.2022 तक प्रतियोगिता आयोजित कराया जाना सुनिश्चित करें। तद्पश्चात् जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 05.01.2023 से 25.01.2023 के बीच में आयोजित किया जाये।

3/ जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 27.01.2023 से 03.02.2023 तक आयोजित कर जिला स्तरीय विजेता रामायण मंडली को चुना जाये।

4/ इस वर्ष राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता राजिम, जिला गरियाबंद में दिनांक 16 से 18 फरवरी, 2023 को आयोजित किया जायेगा। इस राज्य स्तरीय आयोजन के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता दलों को क्रमशः 5.00 लाख, 3.00 लाख एवं 2.00 लाख रू. पुरस्कार राशि प्रदाय किया जायेगा।

5/ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा प्रत्येक विकासखंड के मान से राशि रू. 50 हजार एवं प्रत्येक जिला स्तरीय आयोजन हेतु राशि रू. 1.00 लाख का आबंटन आपको प्रदाय किया जायेगा। उपरोक्त आबंटन को समय पर आहरित कर यथा निर्देशानुसार उपयोग करना सुनिश्चित करें। अन्य जानकारी के लिये विभागीय नोडल अधिकारी श्री उमेश मिश्रा, उपसंचालक, संस्कृति (9752040000) एवं सहायक नोडल श्री युगल तिवारी, कार्यक्रम संयोजक, संस्कृति (9406398080) से संपर्क करें।

..2

6/ अतः कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस आयोजन को समय पर सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाये। आपके जिले के विजेता दलों को राजिम, जिला गरियाबंद में दिनांक 15 फरवरी, 2023 तक एक नोडल अधिकारी सहित पहुंचाना सुनिश्चित करें।

7/ संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत मानस मंडलियों को वाद्ययंत्र क्रय किये जाने हेतु सम्मान राशि रू. 5000/– (पांच हजार) मात्र प्रदाय किया जाना है। वेबसाईट www.cgculture.in/ Chinhari portal में आपके जिले में सक्रिय मानस मंडलियों को पंजीयन हेतु प्रोत्साहित करने हेतु दिशा निर्देश जारी करें।

8/ आपके जिले के सक्रिय जिला मानस मंडली संघ एवं पंजीकृत समस्त मानस मंडली संघ को उक्त आयोजन में सहभागिता हेतु संपर्क करें।

9/ इस संबंध में अतिशीघ्र मुख्य सचिव महोदय द्वारा वर्चुअल माध्यम से बैठक लेकर चरणबद्ध प्रतियोगिता के प्रगति की समीक्षा की जावेगी।

10/ आपके जिले में पंचायत/जनपद/जिला स्तरीय आयोजित प्रतियोगिता में जूरी सदस्यों के रूप में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मानस विशेषज्ञ, वरिष्ठ कलाकार, संगीत शिक्षकों को शामिल करें। प्रस्तुति में लोक वाद्यों को प्राथमिकता दी जाये। आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वाद्ययंत्र, कीबोर्ड, पैड आदि शामिल न हो। मूल्याकंन पत्रक में निर्धारित कुल 100 अंक में व्याख्यान के लिए 40 अंक व संगीत (गायन) के लिए 40 अंक एवं अन्य में 20 अंक रखे जाये। प्रस्तुति हेतु चयनित प्रसंग की जानकारी प्रतिभागी रामायण मंडली को 1 घंटा पूर्व दी जाये।

11/ आपके जिले में आयोजित किये जाने वाले प्रतियोगिता में यह ध्यान रखा जाये कि पंचायत स्तर में प्रथम स्थान में चयनित रामायण मंडली के प्रतिभागी सदस्यों की सूची (नाम, पता, आधार नं., मोबाईल नं. अंकित हो) में किसी भी प्रकार से परिवर्तन न किया जाये। विजेता दल के सदस्यों को ग्राम पंचायत स्तर पश्चात् बीच में कभी परिवर्तन करना/अन्य को जोड़ना वर्जित है ।

12/ आपके जिले के नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में सक्रिय मानस मंडलियों को संबंधित जनपद पंचायत स्तर के प्रतियोगिता में शामिल किया जाना सुनिश्चित करें। संबंधित नगरीय निकायों के ओर से एक विजेता दल को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल करने हेतु चयन कर भेजने की जिम्मेदारी संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी का होगा ।

24/11/22
(अन्बलगन पी.)
सचिव
संस्कृति विभाग

पृष्ठां. क्रमांक : एफ 4–12/2022/30/सं., नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 24 NOV 2022

प्रतिलिपिः–

1. अपर मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, छत्तीसगढ़ शासन।
3. विशेष सहायक, माननीय पर्यटन एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन।
4. विशेष सहायक, माननीय संस्कृति मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन।
5. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, छ.ग. शासन, मंत्रालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
6. समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़ ।
7. संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, रायपुर, छ.ग. एवं
8. प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन मंडल, रायपुर/कलेक्टर–गरियाबंद, छ.ग. (राज्य स्तरीय आयोजन के नोडल अधिकारी) के साथ आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
9. कलेक्टर, जिला–गरियाबंद, छ.ग. की ओर राजिम पुन्नी मेला आयोजन के दौरान संचालक, संस्कृति एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन मंडल, रायपुर से समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

24/11/22.

सचिव

संस्कृति विभाग